>

Title: Need to accord approval to the proposal for construction of roads in Left-wing extremism affected districts of Bihar.

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** मैं आपका सरकार की एल. डब्ल्यू. ई. फेस- 2 योजना की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा। गृह मंत्रालय ने देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों को चिन्हित कर इस योजना के अंतर्गत इन जिलों में सड़कों के निर्माण का बीड़ा उठाया है। यह योजना वर्तमान में वित्त मंत्रालय के अधीन इक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी के द्वारा अनुमोदित है। इस योजना के संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा योजना का प्रारूप भी वित्त मंत्रालय को भेजा जा चुका है।

बिहार राज्य के औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई, अरवल, जहानाबाद आदि जिलों का चयन इस योजना में किया गया है, किन्तु वित्त मंत्रालय द्वारा स्वीकृति के अभाव में इन जिलों में सड़कों के निर्माण का कार्य बाधित हो रहा है।

मेरी सरकार से मांग है कि वित्त मंत्रालय की एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी से अनुमोदित इस योजना के लिए अविलंब धन आवंटित करते हुए योजना के द्वितीय चरण का काम प्रारंभ कराया जाये जिससे उग्रवाद प्रभावित इन जिलों में सड़कों के निर्माण का अवरूद्ध कार्य पुनः प्रारंभ हो सके एवं उग्रवाद की समस्या के निदान हेतु उपयोगी एवं प्रभावी कदम उठाया जा सके।